**Pradhanmantri College of Excellence**
**Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)**
(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)
Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal
ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
## स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा (म.प्र.)

द्वारा आयोजित

## 60 घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी व्याहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम
## 60 Hours Short Term Employability Training programme

on

# जैविक खेती, आधुनिक/उन्नत खेती, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्याहारिक प्रशिक्षण

## Organic Farming, Modern Advanced Farming, Vermi Compost & Horticulture Relevant Training

***प्रायोजित***

स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत
Under Swami Vivekananda Career Guidance Scheme

(योजना क्रमांक 7851 के तहत/Scheme No. 7851)

सत्र/Session: 2025-26
(द्वितीय त्रैमास/Second Quarter)
(22.08.2025 to 11.09.2025)

## प्रशिक्षण प्रतिवेदन/Training Report



AnyScanner

Pradhanmantri College of Excellence
Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)
(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)
Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal
ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

**60 Hours Short Term Employability Training programme**
**on**
# जैविक खेती, आधुनिक उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्याहारिक प्रशिक्षण
# Organic Farming, Modern Advanced Farming, Vermi Compost & Horticulture Relevant Training
(22 August to 11 September, 2025)
**Programme Schedule (Proposed)**

| Sl. No. | Topic | Date | Timing | Name & Designation of Resource Person |
|---|---|---|---|---|
| | Inaugural Session | 22.08.2025 | 10:30 am to 11:00 am | Dr. Sangeeta Biley, Principal, PMCOE, Harda (Chairmanship) |
| 1. | जैविक खेती (Organic Farming) | 22.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Sh. Umesh Sharma, Regional Manager, Raman, Regional Resource Centre, Harda (MP) |
| 2. | वर्मी कम्पोस्ट (Vermi Compost) | 23.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Sunil Bourasi, Assistant Professor (Botany), Govt. College Timarni, Harda |
| 3. | Plant Nutrition & Bio Fertilizer | 25.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Sh. Mahendra Solanki, Assistant Professor (Microbiology), Harda Adarsh College, Harda (MP) |
| | मेडिसिनल प्लांटेशन | 26.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Sadiya Patel, Assistant Professor (Chemistry), Govt. College, Khateganv (MP) |
| | मशरूम उत्पादन | 27.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Sh. Anand Verma, HOD (Microbiology), Degree College (Private), Harda (MP) |
| | उन्नत/आधुनिक कृषि | 28.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Sh. Umesh Sharma, Regional Manage, Dr. CV Raman, Regional Resource Centre, Harda (MP) |
| 4. | मछली एवं मछली उत्पादन (Fish & Fishing production) | 29.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Shitika Barkale, Govt. Guest. Faculty, PMCOE Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| | औषधीय पौधों की जानकारी एवं व्यावसायिक उत्पादन | 30.08.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. C.K. Lokhande, Govt. Guest Faculty (Botany) PMCOE, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| | पॉली हॉउस एवं ग्राफ्टिंग | 01.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Rajnikant Verma, Govt. Guest Faculty (Botany), Govt. Girls Seoni Malwa, Distt. Narmadapuram |
| 6. | जैविक खाद बनाना | 02.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Rajnikant Verma, Govt. Guest Faculty (Botany), Govt. Girls Seoni Malwa, Distt. Narmadapuram |
| 11 | मिट्टी परीक्षण एवं पोषक तत्वों की जानकारी | 03.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Abhishek Gupta, Director, Centre for Microbiology & Biotechnology (CMBT) Research & Training Institute Bhopal |
| 12 | औषधीय पौधों की जानकारी एवं व्यावसायिक उत्पादन | 04.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Abhishek Gupta, Director, Centre for Microbiology & Biotechnology (CMBT) Research & Training Institute Bhopal |
| 13 | गोबर खाद बनाने की विभिन्न विधियाँ | 05.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Abhishek Gupta, Director, Centre for Microbiology & Biotechnology (CMBT) Research & Training Institute Bhopal |
| 14 | नर्सरी | 06.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Abhishek Gupta, Director, Centre for Microbiology & Biotechnology (CMBT) Research & Training Institute Bhopal |
| 15. | सीड प्रोडक्शन | 08.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. Shitika Barkale, Govt. Guest. Faculty (Zoology), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 16 | उद्यानिकी आधारित प्रशिक्षण | 09.09.2024 | 11:00 am to 2:00 pm | Dr. C.K. Lokhande, Govt. Guest Faculty (Botany) PMCOE, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 17. | दीमक नियंत्रण एवं कीटनाशकों की जानकारी | 10.09.2025 | 11:00 am to 2:00 pm | Internal Expert |
| 18. | बायोगैस एवं इंधन उपयोग | 11.09.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Sh. Manish Parsai, Govt. Guest. Faculty(Physics), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| Valedictory Session & Certificate Distribution | | | 1:30 pm to 3:30 | Dr. Sangeeta Biley, Principal, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)-Chairmanship |

Note: 15 minutes break

**Dr. Rakesh Singh Paraste**
**Training & Placement Officer (TPO)**
**SVCGS Cell, PMCOE Harda**

**Dr. Sangeeta Biley**
**Principal**
**PMCOE, Harda**



AnyScanner

## Pradhanmantri College of Excellence

Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

Pradhanmantri College of Excellence

Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

# 60 Hours Short Term Employability Training cum Certificate Program on

# जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन,**
**स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत**
**योजना क्र. 7851 के तहत**

**Session: 2025-26**

**सीट सीमित**
पहले आओ पहले पाओ
निःशुल्क प्रशिक्षण





- जैविक खेती
- आधुनिक उन्नत खेती
- वर्मी कम्पोस्ट
- बायो फर्टिलाइजर

मिट्टी परीक्षण एवं अन्य




**From 22.08.2025 to 11.09.2025 by Trained Experts**

**Dr. Rakesh Singh Paraste**
**TPO**
**SVCGS Harda**

**Dr. Sangeeta Biley**
**Principal**
**PMCOE Harda**

प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा ।
अधिक जानकारी के लिए करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में संपर्क करें



AnyScanner

दिनांकः 22.08.2025

# प्रशिक्षण रिपोर्ट

## जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित विषय पर 60 घंटे की अल्पावधि प्रशिक्षण का उद्घाटन एवं शुभारंभ

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत योजना क्रमांक 7851 के तहत सत्र 2025-26 के लिए **"जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण"** विषय पर 60 घंटे की (Hours) अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण दिनांकः 22.08.2025 से 11.09.2025 तक आयोजित की जाएगी। उक्त प्रशिक्षण प्रतिदिवस समय 11:30 से 2:30 बजे तक महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक SV6 में संचालित किया जाएगा।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज दिनांक 22.08.2025 को डॉ संगीता बिले, प्राचार्य महोदया की अध्यक्षता में किया गया तथा प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य महोदया द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाए दी गईं। प्रशासनिक अधिकारी व्ही के विछोतिया ने बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों मे विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया जिससे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होकर अपने परिवार एवं समाज को जागरूक करें। करियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी और आगे बताया कि इस अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट, मिट्टी परीक्षण, सीड प्रोडक्शन, मशरूम उत्पादन, मछली उत्पादन, बायो फर्टिलाइजर, नर्सरी, पॉली हाउस, गोबर गैस एवं उद्यानिकी संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर, आमंत्रित बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णत: निशुल्क है और तीन सप्ताह तक लगातार जारी रहेगी।

उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रशिक्षण के पहले दिन जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण हेतु बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप मे श्री उमेश शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, रमन समाधान केंद्र, हरदा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से जैविक खेती के महत्व, उपयोगिता, फायदे तथा वर्तमान समय में गंभीर बीमारियों से बचाव व सुरक्षा के लिए वर्तमान पीढ़ी को जागरूक करना एवं लाभ का व्यवसाय में बदलने विषय पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत लगभग 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ प्रियंका राय, डॉ. पूनम गुर्जर, डॉ राहुल सराठे, डॉ . अशोक पवार, डॉ. सी के लोखंडे, डॉ रविन्द्र सोनपुरे अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के गतिविधियाँ, फोटोग्राफस एवं न्यूज़ पेपर कटिंग संलग्न हैं:-



AnyScanner

# Pradhanmantri College of Excellence

## Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC






SCAN AnyScanner




1, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Harda
Madhya Pradesh
India
2025-08-22(Fri) 11:35(AM)





1, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Harda
Madhya Pradesh
India
2025-08-22(Fri) 12:43(PM)





AnyScanner

### व्यवसाय में बदलने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा

# जैविक, उन्नत कृषि, उद्यानिकी पर आधारित प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**हरदा एक्सप्रेस, हरदा**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा में शुक्रवार को जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय पर 60 घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 हेतु संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 22 अगस्त से 11 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर ढाई बजे तक महाविद्यालय मे आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता बताते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। प्रशासनिक अधिकारी व्ही.के. विछोतिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे तथा समाज को भी जागरूक करने का अवसर प्रदान करेंगे। करियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी एवं प्रशिक्षण-नियोजन अधिकारी डॉ. राकेश परस्ते ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए बताया कि प्रशिक्षण में जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट, मिट्टी परीक्षण, सीड प्रोडक्शन, मशरूम उत्पादन, मछली उत्पादन, बायो-फर्टिलाइजर, नर्सरी, पॉलीहाउस, गोबर गैस तथा उद्यानिकी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर आंतरिक एवं बाह्य विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।



**जैविक खाद्य के महत्व पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया**

यह प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क है। उद्घाटन अवसर पर उमेश शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक रमन समाधान केंद्र, हरदा ने जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जैविक खेती के महत्व, लाभ, उपयोगिता एवं इसे रोजगारमूलक व्यवसाय में बदलने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वर्तमान समय में गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु जैविक खाद्य के महत्व पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए करीब 150 पंजीयन हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ डॉ. प्रियंका राय, डॉ. पूनम गुर्जर, डॉ. राहुल सराठे, डॉ. अशोक पवार, डॉ. सी. के. लोखंडे, डॉ. रविन्द्र सोनपुरे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



AnyScanner

दैनिक भास्कर हरदा 23-08-2025

# पीएमश्री कॉलेज में 60 घंटे का जैविक खेती पर आधारित प्रशिक्षण शुरू



भास्कर संवाददाता | हरदा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत शुक्रवार को जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कंपोस्ट, उद्यानिकी आधारित 60 घंटे का व्यावहारिक प्रशिक्षण की जानकारी दी। प्रशिक्षण शुक्रवार से 11 सितंबर तक सुबह 11:30 से 2:30 बजे तक चलेगा।

प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने कहा और प्रशासनिक अधिकारी वीके बिछोतिया ने कॅरियर बनाने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया। वहीं कॅरियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते ने बताया प्रशिक्षण से जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कंपोस्ट, मिट्टी परीक्षण, सीड प्रोडक्शन, मशरूम उत्पादन, मछली उत्पादन, बायो फर्टिलाइजर, नर्सरी, पॉली हाउस, गोबर गैस, उद्यानिकी संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क है। सप्ताह में तीन दिन चलेगा।

इस दौरान उमेश शर्मा ने प्रेजेंटेशन से जैविक खेती के महत्व, उपयोगिता, फायदे, वर्तमान समय में गंभीर बीमारियों से बचाव और सुरक्षा की जानकारी दी। प्रशिक्षण में 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान डॉ. प्रियंका राय, डॉ. पूनम गुर्जर, डॉ. राहुल सराठे, डॉ. अशोक पवार, डॉ. सीके लोखंडे, डॉ. रवींद्र सोनपुरे समेत अन्य मौजूद रहे।



AnyScanner

# Pradhanmantri College of Excellence

**Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)**

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

दैनिक समय जगत — भोपाल

Facebook | Instagram | Twitter

## जैविक खेती,उन्नत कृषि,वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



समय जगत, हरदा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग,मध्यप्रदेश शासन भोपाल,स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत जैविक खेती,उन्नत कृषि,वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय पर साठ घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उक्त प्रशिक्षण प्रतिदिवस समय 11:30 से 2:30 बजे तक महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक छः में संचालित किया जाएगा।उक्त प्रशिक्षण की शुरुआत डॉ संगीता बिले प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया तथा प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य महोदया द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई। प्रशासनिक अधिकारी श्री के बिजोलिया ने बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों मे विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया जिससे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होकर अपने परिवार एवं समाज को जागरूक कर सकते है।करियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते,ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी और आगे बताया कि इस अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से जैविक खेती,उन्नत कृषि,वर्मी कम्पोस्ट,मिट्टी परीक्षण,सीड प्रोडक्शन, मशरूम उत्पादन, मछली उत्पादन, बायो फर्टिलाइजर, नर्सरी, पॉली हाउस,गोबर गैस एवं उद्यानिकी संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर आमंत्रित बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क और तीन सप्ताह तक लगातार जारी रहेगी।उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रशिक्षण के पहले दिन जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण हेतु बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप मे उमेश शर्मा क्षेत्रीय प्रबंधक रमन समाधान केंद्र हरदा को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से जैविक खेती के महत्व,उपयोगिता,फायदे तथा वर्तमान समय में गंभीर बीमारियों से बचाव व सुरक्षा के लिए वर्तमान पीढ़ी को जागरूक करना एवं लाभ का व्यवसाय में बदलने विषय पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

दैनिक अनोखा तीर

About Us | Contact Us | Privacy Policy

दैनिक **अनोखा तीर**

निशाने पर हर खबर

23 Aug 2025 - Page 2

## जैविक खेती और उन्नत कृषि प्रशिक्षण का उद्घाटन एवं शुभारंभ



अनोखा तीर, हरदा।

नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, भोपाल, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत सत्र 2025-26 के लिए जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय पर 60 घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 22 अगस्त से 11 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि यह प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 11.30 से दोपहर 2.30 बजे तक महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 6 में संचालित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 22 अगस्त को डॉ. संगीता बिले प्राचार्य की अध्यक्षता में की गई। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रशासनिक अधिकारी श्री के. बिजोलिया ने बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया। जिससे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होकर अपने परिवार एवं समाज को जागरूक करें। करियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी और आगे बताया कि इस अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट, मिट्टी परीक्षण, सीड प्रोडक्शन, मशरूम उत्पादन, मछली उत्पादन, बायो फर्टिलाइजर, नर्सरी, पॉली हाउस, गोबर गैस एवं उद्यानिकी संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर आमंत्रित बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है और तीन सप्ताह तक लगातार जारी रहेगी। उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रशिक्षण के पहले दिन जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण के लिए बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में उमेश शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, रमन समाधान केंद्र, हरदा को आमंत्रित किया गया। जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से जैविक खेती के महत्व, उपयोगिता, फायदे तथा वर्तमान समय में गंभीर बीमारियों से बचाव व सुरक्षा के लिए वर्तमान पीढ़ी को जागरूक करना एवं लाभ का व्यवसाय में बदलने विषय पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत लगभग 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ डॉ. [illegible], डॉ. [illegible], डॉ. [illegible], डॉ. [illegible], डॉ. [illegible], डॉ. [illegible] सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



AnyScanner

**Pradhanmantri College of Excellence**
**Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)**
(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)
Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal
ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

दिनांक **23.08.2025**

## द्वितीय दिवस

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत आयोजित 60 घण्टे की द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण में **"वर्मी कम्पोस्ट की आवश्यकता एवं उपयोगिता" विषय पर बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ सुनील बौरासी, सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय टिमरनी जिला हरदा** को आमंत्रित किया गया। डॉ बौरासी ने वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि और गोबर की खाद को घर में तैयार करने की विधि के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को बारीकी से समझाया और यह भी बताया कि कोशिश करें की बाजार में उपलब्ध पैकेट पानी पाउच, फास्ट फूड, मैगी नूडल्स और अन्य जो सामग्री से बचें और कोशिश करें कि अपने घर में ही उत्पादित किए गए अनाज, फल एवं सब्जियों का सेवन करें। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि बाजार में सब्जी या फल खरीदते समय मिलावट की पहचान कैसे करें और अपने परिवार व समाज के लोगों को भी जागरूक करें। प्रशिक्षण विषय अत्यंत ही उपयोगी रहा और विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब दिया गया।

प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने सभी विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करने के लिए सलाह देते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों को परखने तथा जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ राकेश परस्ते ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार सेवन करने तथा प्रतिदिन योग एवं व्यायाम करने के लिए सुझाव दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत सभी विद्यार्थी तथा करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. राजेश गौर, डॉ पूनम गुर्जर, डॉ राहुल सराठे, डॉ चंद्रकिशोर लोखंडे, डॉ मोहनलाल सूर्यवंशी, डॉ अशोक पवार एवं महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



AnyScanner



Mahmudabad
महमूदाबाद
Harda
Google
1, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Harda
Madhya Pradesh
India
25°C
77°F
2025-08-23(Sat) 12:08(PM)








AnyScanner

दैनिक **अनोखा तीर**
निशाने पर हर खबर

24 Aug 2025 - Page 3


# वर्मी कम्पोस्ट की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर दिया प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत आयोजित 60 घंटे की द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को वर्मी कम्पोस्ट की आवश्यकता एवं उपयोगिता विषय पर बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुनील बौरासी, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र शासकीय महाविद्यालय टिमरनी जिला हरदा को आमंत्रित किया गया। डॉ. बौरासी ने वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि और गोबर की खाद को घर में तैयार करने की विधि के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को बारीकी से समझाया और यह भी बताया



कि कोशिश करें कि बाजार में उपलब्ध पैकेट पानी पाउच, फास्ट फूड, मैगी नूडल्स और अन्य सामग्री से बचें और कोशिश करें कि अपने घर में ही उत्पादित किए गए अनाज, फल एवं सब्जियों का सेवन करें। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि बाजार में सब्जी या फल खरीदते समय मिलावट की पहचान कैसे करें और अपने परिवार व समाज के लोगों को भी जागरूक करें। प्रशिक्षण विषय अत्यंत ही उपयोगी रहा और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब दिया गया। प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने सभी विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करने के लिए सलाह देते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों को परखने तथा जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार सेवन करने तथा प्रतिदिन योग एवं व्यायाम करने के लिए सुझाव दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत सभी विद्यार्थी तथा करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. राजेश गौर, डॉ. पूनम गुर्जर, डॉ. राहुल सराठे, डॉ. चंद्रकिशोर लोखंडे, डॉ. मोहनलाल सूर्यवंशी, डॉ. अशोक पवार एवं महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



AnyScanner

**Pradhanmantri College of Excellence**
**Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)**
(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)
Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal
ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

**दिनांकः 25.08.2025 से 27.08.2025**

## भारतीय औषधीय पौधे और उनके लाभ तथा मशरूम उत्पादन और रोजगार की संभावनाएं

दिनांकः प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत 60 घण्टे की अल्पावधि प्रशिक्षण के **पांचवें और छठवें दिवस में** भारतीय औषधीय पौधे एवं उनके लाभ विषय पर बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित **डॉ सादिया पटेल, सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र), शासकीय महाविद्यालय खातेगांव जिला देवास** ने भारतीय औषधि पौधे जो हमारे घर खेत खलियान में उपलब्ध रहते हैं जैसे तुलसी का पौधा,एलोवेरा, पुदीना, हल्दी, नीम, अदरक, शतावरी, ब्राम्ही एवं सर्पगंधा जैसे महत्वपूर्ण घरेलू पौधों की आवश्यकता, विभिन्न बीमारियों के लिए उपचार तथा उनके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक एवं अत्यंत आवश्यक जानकारी के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण के **छठवें दिवस पर "मशरूम उत्पादन एवं स्वरोजगार की संभावनाएं" विषय पर आमंत्रित बाह्य विषय विशेषज्ञ, आनंद वर्मा, सहायक प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी, डिग्री कॉलेज हरदा** ने मशरूम उत्पादन में रोजगार की अपार संभावनावों के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आप मात्र ₹1200 खर्च करके ₹12000 रुपए की आमदनी आसानी से कर सकते हैं। मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे आप अपने घर, खेत-खलियान या बहुत ही कम जगह में उगा सकते हैं इसके लिए कोई शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है। अनपढ़ लोग भी मशरूम की खेती करके पोषक तत्वों से भरपूर और उच्च गुणवत्ता वाली मशरूम उगाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। वर्मा ने मशरूम की खेती करने की विधि के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया और साथ ही साथ मशरूम की मार्केटिंग के बारे में भी जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाली मशरूम की बाजार में कीमत 1200 रूपये तक होती है वहीं कम गुणवत्ता वाले मशरूम की कीमत कम से कम 400 रुपए होती है। एक बार की मशरूम की खेती में तीन बार तक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। मशरूम का सेवन करने से कई बीमारियों से निजात पा सकते है जैसे कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, प्रतिरक्षा प्रणाली की कमजोरियों, आंतों से जुड़ी समस्याओं जैसी बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में सहायक होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन, खनिज और फाइबर जैसे पोषक तत्व इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद बनाते हैं। यह प्रतिरक्षा को मजबूत करता है, हृदय को स्वास्थ्य रखता है, आंत के स्वास्थ्य में सुधार करता है और मस्तिष्क के कार्य को भी बेहतर बनाता है। वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि आप अपने पढ़ाई के साथ साथ मशरूम की खेती करके स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने बताया की मार्केट में उपलब्ध डुप्लीकेट मशरूम की पहचान कैसे करें और उच्च एवं अच्छे क्वालिटी के पोषक तत्वों से भरपूर मशरूम का उत्पादन के बारे में विधिवत बताया। अंत में उन्होंने सुझाव दिया कि इसे आप अपने परिवार एवं गांव में सभी को बताएं और सभी को जागरूक करें। प्रशिक्षणार्थियों के पूछे गए सभी सवालों का जवाब दिया गया। उक्त दोनों महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत ही उपयोगी एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत सभी विद्यार्थी तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले, प्रशासनिक अधिकारी वी के विछोतिया, प्रशिक्षण प्रभारी डॉ राकेश परस्ते एवं महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।



AnyScanner

# Pradhanmantri College of Excellence

## Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

**ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC**









## भारतीय औषधीय पौधे और उनके लाभ पर दिया प्रशिक्षण

# मशरूम उत्पादन और रोजगार की संभावनाएं

अनोखा तीर, हरदा।

स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत



60 घंटे की अल्पावधि प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसके पांचवें और छठवें दिवस में भारतीय औषधीय पौधे एवं उनके लाभ विषय पर बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित डॉ. सादिया पटेल, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, शासकीय महाविद्यालय खातेगांव जिला देवास ने भारतीय औषधि पौधों से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों के बीच सांझा की। उन्होंने कहा कि हमारे घर खेत खलियान में यह उपलब्ध रहते हैं। साथ ही तुलसी का पौधा, एलोवेरा, पुदीना, हल्दी, नीम, अदरक, शतावरी, ब्राम्ही एवं सर्पगंधा जैसे महत्वपूर्ण घरेलू पौधों की आवश्यकता, विभिन्न बीमारियों के लिए उपचार तथा उनके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक एवं अत्यंत आवश्यक जानकारी के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के छठवें दिवस पर मशरूम उत्पादन एवं स्वरोजगार की संभावनाएं विषय पर आमंत्रित बाह्य विषय विशेषज्ञ, आनंद वर्मा, सहायक प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी हरदा डिग्री कॉलेज हरदा ने मशरूम उत्पादन में रोजगार की अपार संभावनावों के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आप मात्र 1200 खर्च करके 12 हजार रुपए की आमदनी आसानी से कर सकते हैं। मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे आप अपने घर, खेत-खलियान या बहुत ही कम जगह में उगा सकते हैं।

इसके लिए कोई शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है। अनपढ़ लोग भी मशरूम की खेती करके पोषक तत्वों से भरपूर और उच्च गुणवत्ता वाली मशरूम उगाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। वर्मा ने मशरूम की खेती करने की विधि के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया और साथ ही साथ मशरूम की मार्केटिंग के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाली मशरूम की बाजार में कीमत 1200 रुपए तक होती है। वहीं कम गुणवत्ता वाले मशरूम की कीमत कम से कम 400 रुपए होती है।

एक बार की मशरूम की खेती में तीन बार तक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। मशरूम का सेवन करने से कई बीमारियों से निजात पा सकते हैं जैसे कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, प्रतिरक्षा प्रणाली की कमजोरियों, आंतों से जुड़ी समस्याओं जैसी बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में सहायक होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन, खनिज और फाइबर जैसे पोषक तत्व इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद बनाते हैं। यह प्रतिरक्षा को मजबूत करता है, हृदय को स्वास्थ्य रखता है, आंत के स्वास्थ्य में सुधार करता है और मस्तिष्क के कार्य को भी बेहतर बनाता है। वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि आप अपने पढ़ाई के साथ-साथ मशरूम की खेती करके स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं।



AnyScanner

दिनांक: 28.08.2025 से 29.08.20225

# सातवें दिवस

प्रशिक्षण के **सातवें दिवस पर "मछली उत्पादन एवं रोजगार की संभावनाएं" विषय पर विषय विशेषज्ञ, डॉ शितिका बरकले, फैकल्टी ऑफ जूलाजी, PMCOE हरदा** ने **मछली उत्पादन की विधि और इस क्षेत्र** में रोजगार की संभावनावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की I मछली उत्पादन समुद्री और जलीय जीवों का महत्वपूर्ण स्रोत है। यह मानव जीवन में प्रोटीन की आपूर्ति बढ़ाता है और आर्थिक समृद्धि में योगदान देता है। मछली पालन से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में। मछली पालन के लिए तटीय क्षेत्र, जलाशय और तालाब उपयुक्त हैं। आधुनिक तकनीकों और बेहतर प्रबंधन से उत्पादन में वृद्धि संभव है। इससे न केवल घरेलू जरूरतें पूरी होती हैं, बल्कि निर्यात भी बढ़ता है। मछली उत्पादन से रोजगार, आय और आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है।











AnyScanner

दिनांकः 30.08.2025

# आठवें दिवस

प्रशिक्षण के आठवें दिवस पर **"औषधीय पौधों की जानकारी एवं व्यावसायिक उत्पादन "** विषय पर विषय विशेषज्ञ, डॉ चंद्रकिशोर लोखंडे, फैकल्टी ऑफ बाटनी, PMCOE हरदा ने औषधीय पौधों की जानकारी एवं व्यावसायिक उत्पादन तथा इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। लोखंडे सर ने अपने व्याख्यान में बताया कि औषधीय पौधे प्राकृतिक चिकित्सा का आधार हैं। इन पौधों में औषधीय गुण होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और विभिन्न रोगों में लाभकारी होते हैं। तुलसी, हल्दी, अदरक, आंवला, नीम जैसे पौधे पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में महत्वपूर्ण हैं। इन पौधों का व्यावसायिक उत्पादन खेती के माध्यम से किया जाता है, जिससे आय भी बढ़ती है। बेहतर कृषि तकनीकों और शोध के माध्यम से इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है। औषधीय पौधों का संरक्षण और सतत उत्पादन हमारे स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास दोनों के लिए आवश्यक है।









AnyScanner

# नवें एवं दसवें दिवस

प्रशिक्षण के नावें दिवस पर 01.09.2025 को **"पॉली हॉउस एवं ग्राफ्टिंग"** तथा दसवें दिवस दिनांकः 01.09.2025 को **"जैविक खाद बनाना"** विषय पर बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित, **डॉ. रजनीकांत वर्मा, फैकल्टी ऑफ बाटनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम** ने औषधीय पौधों की जानकारी एवं व्यावसायिक उत्पादन तथा इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि पॉलीहाउस और ग्राफ्टिंग प्रशिक्षण कृषि और बागवानी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पॉलीहाउस में पौधों को नियंत्रित वातावरण में उगाया जाता है, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि होती है। ग्राफ्टिंग तकनीक से पौधों की वृद्धि तेज होती है और नई किस्में विकसित की जा सकती हैं। यह प्रशिक्षण किसानों को नई तकनीकों से परिचित कराता है, जिससे उनकी पैदावार बढ़ती है और आय में सुधार होता है। बेहतर प्रशिक्षण से वे इन तकनीकों का सही उपयोग कर सकते हैं, फसल की सुरक्षा कर सकते हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। दूसरे दिवस के प्रशिक्षण में बताया कि जैविक खाद बनाना एक पर्यावरण मित्र और आर्थिक रूप से फायदेमंद प्रक्रिया है। इसमें घरेलू कचरे, गोबर, हरी पत्तियां, और फसल अवशेष का उपयोग किया जाता है। जैविक खाद से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, फसलों की गुणवत्ता सुधरती है और रासायनिक खादों की आवश्यकता कम हो जाती है। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को सही सामग्री, विधि और समय पर जैविक खाद बनाने की जानकारी दी जाती है। इससे वे प्राकृतिक तरीके से स्वस्थ और उर्वरक मिट्टी बना सकते हैं, जिससे फसलें अच्छी होती हैं और पर्यावरण संरक्षण भी होता है।



AnyScanner






GPS Map Camera
Harda, Madhya Pradesh, India
1, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Lat 22.344556° Long 77.089872°
02/09/2025 12:20 PM GMT +05:30
Google



AnyScanner

## दिनांकः 03.09.2025 से 11.09.2025

ग्यारहवें दिवस पर "मिट्टी परीक्षण एवं पोषक तत्वों की जानकारी" पर विषय विशेषज्ञ, **डॉ. परिधि सिंह, फैकल्टी ऑफ बाटनी, PMCOE हरदा** ने बताया कि मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्वों की जानकारी किसानों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता का आकलन किया जाता है और उसमें मौजूद पोषक तत्वों की मात्रा का पता चलता है। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को बताया जाता है कि सही समय पर मिट्टी का परीक्षण कैसे करें और उसकी रिपोर्ट के आधार पर उचित उर्वरक का प्रयोग कैसे करें। इससे फसलों की उत्पादकता बढ़ती है और लागत कम होती है। पोषक तत्वों की सही जानकारी से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, फसलें स्वस्थ होती हैं और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

**"गोबर खाद बनाने की विभिन्न बिधियाँ"** विषय पर डॉ. अभिषेक गुप्ता, निर्देशक, CMBT भोपाल ने अपने व्याख्यान में गोबर खाद बनाने की विभिन्न विधियाँ किसानों के लिए फायदेमंद के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और प्रशिक्षण दिया कि पहली विधि है सीधे गोबर और मिट्टी मिलाकर कम्पोस्ट बनाना। दूसरी विधि में गोबर, हरी पत्तियां, भूसा और मिट्टी का मिश्रण किया जाता है। तीसरी विधि में गोबर, ज्वार, मक्का या अन्य अनाज की भूसी मिलाकर कम्पोस्ट तैयार किया जाता है। इन विधियों से प्राकृतिक रूप से उर्वरक तैयार होता है, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है। समय-समय पर हिलाने और उचित सूखने के बाद यह खाद तैयार हो जाती है। गोबर खाद से फसलें स्वस्थ और मजबूत होती हैं, और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। तथा दिनांकः 06.09.2025 को **"नर्सरी"** विषय पर प्रशिक्षण देते हुए बताया कि नर्सरी की व्यवस्था किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें पौधों की बुवाई, पालन और संरक्षण किया जाता है। नर्सरी बनाने के लिए सही स्थान, मिट्टी, जल निकासी और छाया का ध्यान देना आवश्यक है। पौधों की देखभाल, पानी देना और समय-समय पर खाद देना जरूरी है। इससे पौधों की गुणवत्ता बढ़ती है और फसल का उत्पादन अच्छा होता है। नर्सरी से स्वस्थ और मजबूत पौधे प्राप्त होते हैं, जो फसल की सफलता में मदद करते हैं।

दिनांकः 08.09.2025 को **"सीड प्रोडक्शन"** विषय पर विषय विशेषज्ञ डॉ. शितिका बरकले ने बताया कि बीज उत्पादन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिससे उच्च गुणवत्ता वाले बीज प्राप्त होते हैं। इसमें बीजों की सही जाति, समय पर कटाई, साफ-सफाई और उपचार जरूरी है। बीज उत्पादन के लिए स्वस्थ और रोगमुक्त पौधों का चयन किया जाता है। बीज को अच्छे भंडारण स्थान में रखा जाता है ताकि उसकी गुणवत्ता बनी रहे। उचित बीज उत्पादन से फसल की उत्पादकता बढ़ती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। यह कृषि की सफलता के लिए आधारभूत भूमिका निभाता है। सही तकनीकों का उपयोग कर बीज उत्पादन को बढ़ावा देना किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है।

दिनांकः 08.09.2025 को **"उद्यानिकी आधारित प्रशिक्षण"** विषय पर विषय विशेषज्ञ डॉ. चंद्रकिशोर लोखंडे ने बताया कि उद्यानिकी आधारित प्रशिक्षण किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसमें फूल, सब्जी, फल और पौधों की देखभाल की नई तकनीकों का ज्ञान दिया जाता है। पौधों की सिंचाई, उर्वरक का सही उपयोग, कीट प्रबंधन और कटाई की विधियों का प्रशिक्षण शामिल है। इससे किसानों को बेहतर उत्पादन और गुणवत्ता प्राप्त होती है। प्रशिक्षण से वे नवीनतम कृषि उपकरण और तकनीकों का उपयोग सीखते हैं। इससे लागत कम होती है और मुनाफा बढ़ता है। उद्यानिकी प्रशिक्षण किसानों को आत्मनिर्भर बनाता है, जिससे उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार होता है।

दिनांकः 11.09.2025 को **"बायोगैस और ईंधन"** विषय पर विषय विशेषज्ञ श्री मनीष परसाई ने प्रशिक्षण में बताया कि बायोगैस और ईंधन उपयोग ऊर्जा स्रोत के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। बायोगैस प्राकृतिक अपशिष्ट जैसे गोबर, कृषि अवशेष आदि से बनती है। यह स्वच्छ और सस्ती ईंधन है, जो खाना बनाने, प्रकाश और ताप के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बायोगैस संयंत्र का निर्माण और देखभाल कैसे करें, यह भी सीखना जरूरी है। इससे पर्यावरण संरक्षण होता है और ऊर्जा की बचत होती है। छात्रों को इन प्रणालियों का ज्ञान लेकर ऊर्जा संरक्षण और स्थिरता में योगदान देना चाहिए। इससे वे स्वावलंबी और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं।



AnyScanner














AnyScanner

# Pradhanmantri College of Excellence

## Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

**ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC**











AnyScanner

## जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित विषय पर दिनांक 22 अगस्त से 11 सितंबर 2025 तक आयोजित 60 घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम

दिनांक 11/09/25 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा मे उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण" विषय पर आयोजित 60 घंटे की (Hours) अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ. उक्त प्रशिक्षण दिनांक:22.08.2025 से निरंतर 11.09.2025 तक प्रतिदिन महाविद्यालय में संचालित रहा। अंतिम दिवस की प्रशिक्षण सत्र में बायो फ्यूल विषय पर विषय विशेषज्ञ डॉ मनीष परसाई द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**समापन समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण**

उक्त प्रशिक्षण की समापन समारोह कार्यक्रम दिनांक 11.09.2025 को प्राचार्य डॉ संगीता बिले के निर्देशन मे प्रशासनिक अधिकारी श्री व्ही के बिछोतीया की उपस्तिथि में संपन्न हुआ। करियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि इस अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट, औषधीय पौधे, मशरूम उत्पादन, प्लांट न्यूट्रिशन एवं बायो फर्टिलाइजर, मछली उत्पादन, पॉली हाउस, बायो गैस एवं ईंधन उपयोग, बायो फ्यूल, सीड प्रोडक्शन, उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर, बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, कार्यशाला, रोजगार मेला एवं करियर मार्गदर्शन सत्र आदि का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है और विद्यार्थी हित में सदैव प्रतिबद्ध है। डॉ संगीता बिले एवं वी.के. बिछोतिया ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और अपने उद्बोधन में करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से आयोजित होने वाले रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के बारे में प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने, इनकी महत्व एवं उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया और सभी की उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

अंत में सभी सक्रिय सहभागिता करने वाले प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने फीडबैक में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों की आयोजन करने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षित पंजीकृत 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए तथा महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ प्रियंका राय, डॉ राहुल सराठे, डॉ. आशा गायकवाड़, डॉ सीता बौरासी, डॉ वंदना मगरदे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ शितिका बरकले एवं आभार डॉ. अशोक पवार ने किया।



AnyScanner










AnyScanner

# Pradhanmantri College of Excellence

## Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC






**PRADHANMANTRI COLLEGE OF EXCELLENCE**

**SWAMI VIVEKANANDA GOVT. P.G. COLLEGE, HARDA (M.P.)**

(Accredited with 'B' Grade by NAAC)

## CERTIFICATE

This is to certify that Mr./Mrs./Ms________________ Class________________

has actively participated in the 60 hours Short Term Employability Training Programme on "जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्याहारिक प्रशिक्षण" (Organic Farming, Advanced Agriculture, Vermi Compost & Horticulture Relevant Training) organized by Pradhanmantri College of Excellence, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) sponsored by the Department of Higher Education, Govt. of Madhya Pradesh under the scheme No. 7851 of Swami Vivekananda Career Guidance Cell during 22.08.2025 to 11.09.2025.

*Wishing you for your Bright Future!*

| (Dr. Rakesh Singh Paraste)<br>TPO-SVCGS<br>Course Coordinator | Sh. V.K. Vicchotiya<br>Administrative Officer | (Dr. Sangeeta Biley)<br>Principal |
|---|---|---|



AnyScanner

वर्ष-23 • अंक-43 • पृष्ठ-8 • मूल्य-2.00
भोपाल
शनिवार • 13 सितंबर 2025
अश्विन कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत-2082
E-mail

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी
दैनिक
समय जगत
भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook asksamayjagat
Instagram @asksamayjagat
Twitter @asksamayjagat
यूट्यूब पर 'खबर समय जगत' को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# जैविक खेती,उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित विषय पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का हुआ समापन



**समय जगत, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस,स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे उच्च शिक्षा विभाग,मध्य प्रदेश शासन,भोपाल, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत जैविक खेती,उन्नत कृषि,वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय पर आयोजित साठ घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।उक्त प्रशिक्षण प्रतिदिन महाविद्यालय में संचालित रहा।अंतिम दिवस की प्रशिक्षण सत्र में बायो फ्यूल विषय पर विषय विशेषज्ञ डॉ मनीष परसाई द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण समापन समारोह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ संगीता बिले के निर्देशन मे प्रशासनिक अधिकारी व्ही के विछोतीया की उपस्तिथि में संपन्न हुआ।करियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.राकेश परस्ते,ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि इस अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से जैविक खेती,उन्नत कृषि,वर्मी कम्पोस्ट, औषधीय पौधे,मशरूम उत्पादन, प्लांट न्यूट्रिशन एवं बायो फर्टिलाइजर,मछली उत्पादन,पॉली हाउस ,बायो गैस एवं ईंधन उपयोग, बायो फ्यूल,सीड प्रोडक्शन, उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, कार्यशाला, रोजगार मेला एवं करियर मार्गदर्शन सत्र आदि का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है और विद्यार्थी हित में सदैव प्रतिबद्ध है। डॉ संगीता बिले एवं वी.के.बिछोतिया ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और अपने उद्बोधन में करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से आयोजित होने वाले रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के बारे में प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने,इनकी महत्व एवं उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।



AnyScanner

# Pradhanmantri College of Excellence

**Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)**

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC




दैनिक **अनोखा तीर**

निशाने पर हर खबर

12 Sep 2025 - Page 3

## जैविक खेती एवं उद्यानिकी आधारित 60 घंटे के प्रशिक्षण का समापन

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, हरदा में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत आयोजित जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट एवं उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण का समापन 11 सितंबर 2025 को हुआ। यह प्रशिक्षण 22 अगस्त से 11 सितंबर तक प्रतिदिन संचालित रहा। अंतिम दिवस पर विषय विशेषज्ञ डॉ. मनीष परसाई ने बायो फ्यूल विषय पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के निर्देशन एवं प्रशासनिक अधिकारी वी.के. बिछोतिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं ट्रेनिंग-प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. राकेश परस्ते ने प्रशिक्षण की समीक्षा प्रस्तुत की।



उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में जैविक खेती, औषधीय पौधे, मशरूम उत्पादन, प्लांट न्यूट्रिशन, बायो फर्टिलाइजर, मछली उत्पादन, पॉली हाउस, बायोगैस, ईंधन उपयोग, बायो फ्यूल, सीड प्रोडक्शन और उद्यानिकी जैसे विषयों पर आंतरिक व बाह्य विशेषज्ञों ने उपयोगी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संगीता बिले और प्रशासनिक अधिकारी वी.के. बिछोतिया ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। समापन पर 150 से अधिक प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने फीडबैक में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग रखी। समारोह में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. प्रियंका राय, डॉ. राहुल सराठे, डॉ. आशा गायकवाड़, डॉ. सीता चौरसी, डॉ. वंदना मगरदे सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शितिका बरकले ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ.



AnyScanner

**Pradhanmantri College of Excellence**

**Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)**

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC


दैनिक भास्कर हरदा 13-09-2025

आयोजन • कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित विषय पर 60 घंटे के रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का हुआ समापन

भास्कर संवाददाता | हरदा



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय पर आयोजित 60 घंटे का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण 22 अगस्त से संचालित किया जा रहा था। अंतिम दिवस प्रशिक्षण सत्र में बायो फ्यूल विषय पर विशेषज्ञ डॉ. मनीष परसाई द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारी वीके विछोतीया की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कॅरियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि इस अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट, औषधीय पौधे, मशरूम उत्पादन, प्लांट न्यूट्रिशन एवं बायो फर्टिलाइजर, मछली उत्पादन, पॉली हाउस, बायो गैस एवं ईंधन उपयोग, बायो फ्यूल, सीड प्रोडक्शन, उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर, बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, कार्यशाला, रोजगार मेला एवं कॅरियर मार्गदर्शन सत्र आदि का आयोजन किया जाता है और विद्यार्थी हित में सदैव प्रतिबद्ध है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और अपने उद्बोधन में कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से आयोजित होने वाले रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के बारे में प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने, इनकी महत्व एवं उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र दिए

अंत में सभी सक्रिय सहभागिता करने वाले प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने फीडबैक में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षित पंजीकृत 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। कॉलेज स्टॉफ डॉ. प्रियंका राय, डॉ. राहुल सराठे, डॉ. आशा गायकवाड़, डॉ. सीता बौरासी, डॉ. वंदना मगरदे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शितिका बरकले एवं आभार डॉ. अशोक पवार ने किया।

**(Dr. Rakesh Singh Paraste)**
**Training & Placement Officer (TPO)**
**SVCGS Cell, PMCOE Harda**

**(Dr. Sangeeta Biley)**
**Principal**
**PMCOE, Harda**



AnyScanner

# Pradhanmantri College of Excellence

Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

(College Code - 3207) Registered with UGC Under 2(f) & under 12(B)

Affiliated to Barkatullah Vishwavidyalaya, Bhopal

ACCREDITED WITH 'B' GRADE BY NAAC

दैनिक भास्कर हरदा 13-09-2025

आयोजन • कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

## जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित विषय पर 60 घंटे के रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का हुआ समापन

भास्कर संवाददाता | हरदा



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट तथा उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय पर आयोजित 60 घंटे का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण 22 अगस्त से संचालित किया जा रहा था। अंतिम दिवस प्रशिक्षण सत्र में बायो फ्यूल विषय पर विशेषज्ञ डॉ. मनीष परसाई द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारी व्हीके विछोतीया की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कॅरियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि इस अल्पावधि प्रशिक्षण के माध्यम से जैविक खेती, उन्नत कृषि, वर्मी कम्पोस्ट, औषधीय पौधे, मशरूम उत्पादन, प्लांट न्यूट्रिशन एवं बायो फर्टिलाइजर, मछली उत्पादन, पॉली हाउस, बायो गैस एवं ईंधन उपयोग, बायो फ्यूल, सीड प्रोडक्शन, उद्यानिकी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर, बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, कार्यशाला, रोजगार मेला एवं कॅरियर मार्गदर्शन सत्र आदि का आयोजन किया जाता है और विद्यार्थी हित में सदैव प्रतिबद्ध है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और अपने उद्बोधन में कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा नियमित रूप से आयोजित होने वाले रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के बारे में प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने, इनकी महत्व एवं उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र दिए

अंत में सभी सक्रिय सहभागिता करने वाले प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने फीडबैक में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षित पंजीकृत 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। कॉलेज स्टॉफ डॉ. प्रियंका राय, डॉ. राहुल सयठे, डॉ. आशा गायकवाड़, डॉ. सीता बौरासी, डॉ. वंदना मगरदे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शितिका बरकले एवं आभार डॉ. अशोक पवार ने किया।

(Dr. Rakesh Singh Paraste)
Training & Placement Officer (TPO)
SVCGS Cell, PMCOE Harda

Dr. Sangeeta Biley
Principal
PMCOE, Harda



AnyScanner

AnyScanner